# हम सब के मन में टीकाकरण को लेकर बहुत से सवाल हैं

## क्या कोविड-19 टीकाकरण...

**निःशुल्क है? हां**

- टीका लगवाने की कोई क़ीमत नहीं है।
- अगर टीका लगवाने के लिए समय लेने के लिए आपसे कोई फ़ीस ली जाती है, तो यह धोखा है।

**सभी के लिए उपलब्ध है? हां**

- आरएमक्यू कार्ड या स्वास्थ्य बीमे की ज़रूरत नहीं है।
- केवल आपका नाम और जन्म तारीक पूछी जाएगी।

**अनिवार्य है? नहीं**

- टीकाकरण करवाने की सिफ़ारिश 16 साल की उम्र से अधिक उम्र वाले हर व्यक्ति के लिए की जाती है (लगातार हो रहे नए अध्ययनों के अनुसार कम से कम उम्र बदलाव के अधीन है)।

## क्या मैं टीका लगवाने की अपनी बारी छोड़ सकता/सकती हूं?

**नहीं**

जैसे ही आपके आयु वर्ग को टीका लगाने की बारी आती है, आप समय ले सकते हैं। आप उस तिथि पर टीका लगवाने के लिए योग्य हो जाएंगे, और आप उसके बाद भी टीका लगवा सकते हैं, चाहे आपने टीका लगवाने के लिए कोई भी दिन क्यों ना चुना हो।

## क्या कोविड-19 टीकाकरण...

**से मुझे कोविड-19 होता है? नहीं**

- कनाडा सरकार द्वारा अधिकृत टीकों में लाईव वायरस नहीं है, इस लिए टीकाकरण से कोई बीमारी होना असंभव है।

**से कोविड-19 जांच का नतीजा पॉजीटिव आता है? नहीं**

- कोविड जांच में केवल यह पता लगाया जाता है कि कोई व्यक्ति वायरस से संक्रमित और बीमार है या नहीं।

**में जानवरों या इंसानों से बने ज़हरीले पदार्थ हैं? नहीं**

- किसी भी टीके में ख़ून से निर्मित उत्पाद, पारा, ऐल्युमीनियम, फ़ॉरमेलडीहाईड, भ्रूण तंतु या और किसी जानवर से निर्मित उत्पाद नहीं हैं।

**मेरे लिए ख़तरनाक है, अगर मैं बच्चा पैदा करने के बारे में सोच रही हूं? नहीं**

- कोविड टीकों का जनन शक्ति या बांझपन से संबंधित बुरे प्रभावों का कोई सबूत नहीं है, मतलब, ये गर्भवती होने या गर्भ अवस्था की अवधि को प्रभावित नहीं करते।
- गर्भवती या दूध पिलाने वाली औरतें के लिए टीके की सिफ़ारिश कोविड-19 के ख़तरे को घटाने और बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए की जा सकती है। अपने डॉक्टर से बात करें।

**से किसी व्यक्ति की स्थिति का पता लगाया जा सकता है? नहीं**

- टीके द्वारा शरीर में कोई माइक्रोचिप नहीं डाली जाती। कोविड-19 का टीका लगने के बाद, हमारी निजी जानकारी साझी नहीं की जाती और हमें ट्रैक नहीं किया जाता। टीके में केवल वही उत्पाद हैं जो शरीर जज़्ब कर सकता है।

Opération vaccination COVID-19

**जैसे ही टीकों के बारे में कोई नई जानकारी उपलब्ध होगी, जनता को जानकारी दी जाएगी। और जानकारी के लिए quebec.ca (फ्रेंच और अंग्रेज़ी में) पर जाएं। ज़रूरत के अनुसार, किसी से मदद लें।**



Québec

## क्या टीकाकरण महामारी से लड़ने में असरदार है?

टीकाकरण कोविड-19 से आपकी रक्षा का एक प्रभावशाली उपाय है। यह बीमारी को रोक सकता है या गंभीर मसलों को सीमित कर सकता है और मौत से बचाव कर सकता है। जितने अधिक लोग टीका लगवाएंगे, वायरस के पुन: पैदा होने की संभावना उतनी ही कम होगी। समय के साथ, यह समाप्त हो जाएगा, जैसे कि बहुत सी बीमारियों के साथ हुआ है।

**कुल मिलाकर, टीकों से अब तक सात गंभीर बीमारियों पर काबू पाया जा चूका है: चेचक, डिफथीरिया, टिटेनस, पीत ज्वर, काली खाँसी, पोलियो और खसरा।**

## कोविड-19 टीकाकरण के बुरे प्रभाव क्या हैं?

टीके के बुरे प्रभाव कोविड-19 के गंभीर और संभावित घातक नतीजों के मुकाबले बहुत कम हैं। टीका लगवाने के बाद, आपको टीके वाली जगह पर दर्द महसूस हो सकता है। आपको निम्नलिखित अनुभव हो सकते हैं:

- थकान, बुख़ार या ठंड लगना
- सरसर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द

यह हलके से औसत दर्जे के लक्षण, आम तौर पर 1 से 2 दिन तक रहते हैं।

## क्या कोविड-19 के टीके असरदार हैं?

टीके की पहली ख़ुराक से 14 से 28 दिन बाद, संबंधित व्यक्ति में कोविड-19 के प्रति रोग-प्रतिरोध शक्ति पैदा होने की 80% से अधिक संभावना होती है। सिफ़ारिश की गई दूसरी ख़ुराक वायरस के प्रति लंबे समय तक रोग-प्रतिरोध शक्ति पैदा करने के लिए तैयार की गई है। पहली ख़ुराक के बाद उच्च-स्तरीय सुरक्षा के मद्देनज़र, सरकार की योजना, 120 दिनों (चार महीनों) के अंदर-अंदर लगाने की है।

## जल्दबाज़ी में तैयार किए गए होने के बावजूद भी, क्या कोविड-19 के टीके सुरक्षित हैं?

हैल्थ कनाडा ने सभी टीकों के लिए एक ही तरह के कठोर मापदंडों का पालन किया है। वैश्विक, कोविड-19 संकट के मद्देनज़र, सभी देश टीके की उपलब्धता को प्राथमिकता दे रहे हैं। टीका बनाने, उसकी जांच और प्रमाणिकता के लिए ज़रूरी हर फ़ैसला बेमिसाल कुशलता से लिया गया है।

तब से लेकर अब तक, दुनिया भर में लाखों लोगों को टीका लगाया जा चुका है, जिस के कोई गंभीर बुरे प्रभाव सामने नहीं आए हैं और टीके के कारण किसी की मौत भी नहीं हुई है।

## अगर मैं कोविड-19 से पीड़ित हो चुका/चुकी हूं, तो क्या मुझे टीका लगवाना चाहिए?

चाहे कोई व्यक्ति कोविड-19 से पीड़ित हुआ भी हो, सुरक्षा बढ़ाने के लिए टीका लगवाना महत्त्वपूर्ण है। कोविड-19 से पीड़ित हो चुके व्यक्ति, जिन्होंने टीका लगवा लिया है, यह संभावना कम है कि उन्हें किसी गंभीर हालत का सामना करना पड़े।

## अगर मनुष्य का शरीर कोविड-19 को प्राकृतिक रूप से हरा सकता है, तो हमें टीका लगवाने की ज़रूरत क्यों है?

जिन लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवा लिया है, वह इस बीमारी से सुरक्षित हैं। उनमें लक्षण पैदा होने या उनके गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की संभावना कम है।

## क्या कोविड-19 टीकाकरण करवाने से मेरा डीएनए बदल सकता है?


**नहीं।** मैसेंजर आरएनए टीकों (फ़ाईज़र और मॉडर्ना) से संबंधित यह धारणा ग़लत है। यह असंभव है कि मैसेंजर आरएनए टीके के साथ किसी व्यक्ति के जीन बदल सकते हैं। टीका जीवकोषों के नियूकलीआई में दाखिल नहीं होता, जहां डीएनए मौजूद होता है। जीवकोष मैसेंजर आरएनए को तेज़ी से डी-ग्रेड कर देते हैं।

## क्या कोविड-19 टीके इसके अलग-अलग प्रकरणों पर असरदार हैं?

**हां।** ताज़ा उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक़, मौजूदा टीके ब्रिटिश-प्रकरण के ख़िलाफ़ भी असरदार हैं। दुनिया भर में पैदा हुए और प्रकरणों के मामले में भी अध्ययन जारी है। अगर ज़रूरत पड़ी, टीके कुछ विशेष प्रकरणों के ख़िलाफ़ लड़ने के अनुकूल बनाए जाएंगे।

## कोविड-19 का टीका लगवाने के बाद भी अपनी सुरक्षा करना क्यों जारी रखें?

चाहे टीका काफ़ी प्रभावशाली होने का दावा करता है, पर यह 100% सुरक्षा प्रदान नहीं करता। सेहत से संबधित मापदंड लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि आप अपनी और दूसरों की सुरक्षा करें। अर्थपूर्ण आबादी को टीका लगाने में कई महीने लगेंगे।




**और जानकारी और समय लेने के लिए:**

Quebec.ca/vaccinCOVID

450 644-4545

Québec

Produced by the Direction régionale de santé publique du CIUSSS du Centre-Sud-de-l'Île-de-Montréal | April 13, 2021